वर्कशीट संख्या-3

कक्षा- 10 विषय : हिंदी पाठ- बालगोबिन भगत

प्रश्न-1- गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

इन सबके ऊपर, मैं तो मुग्ध था उनके गान पर - जो सदा - सर्वदा ही सुनने को मिलते | कबीर के वे सीधे - साधे पद जो उनके कंठ से निकलकर सजीव हो उठते |

आसाढ़ की रिमझिम है | समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है | कहीं हल चल रहे हैं; रोपनी हो रही है | धान के पानी - भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं | औरतें कलेवा लेकर मेंड पर बैठी हैं | आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं | ठंडी पुरवाई चल रही | ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर - तरंग झंकार - सी कर उठी | यह क्या है - यह कौन है ! पूछना न पड़ेगा | बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने खेत में रोपनी कर हैं | उनकी अंगुली एक - एक धान के पौधे को, पंक्तिबध्द, खेत में बिठा रही है | उनका कं - एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ाकर कुछ को ऊपर , स्वर्ग की ओर भेज रहा है अं कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर ! बच्चे खेलते हुए झूम उठत मेंड पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठाते हैं ; वे गुनगुनाने लगती हैं ; हलवाहों के पैर ताल उठने लगते हैं ; रोपनी करने वालों की अँगुलियाँ एक अजीब क्रम से चलने लगती हैं ! बाल भगत का यह संगीत है या जादू !

प्रश्न- (क)- आसाढ़ की रिमझिम का क्या अर्थ है ?

(ख)- रोपनी शब्द का क्या अर्थ है ?

(ग)- औरतें मेंड पर क्या लेकर बैठी थी ?

प्रश्न-2- नीचे लिखे प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए -

(क)- सीधे - साधे पदों के सजीव होने से भगत की किस विशेषता का पता चलता है ?

(अ) वे पदों में जान डाल देते थे (ब) वे मधुर स्वर में गाते थे

(स) पदों को सरलता से गाते थे (द) पदों को सीधा ही गा सकते थे ।

(ख)- कहीं रोपनी हो रही है से क्या तात्पर्य है ?

(अ) खेतों में पानी भरा जा रहा है (ब) मेंड पर बैठी औरतों का

(स) खेतों में फसल काटी जा रही है (द) खेतों में धान के पौधे लगाए जा रहे हैं।

(ग) ठंडी पुरवाई के बीच किसका स्वर कानों को झंकृत कर देता है ?

(अ) बालगोबिन भगत का (ब) गीता का

(स) खेलते बच्चो का (द) आसमान में उड़ते पक्षियों का ।

(घ) औरतों के ओंठ क्यों काँप उठते हैं ?

(अ) रुलाई आ जाने के कारण (ब) वे कुछ कहना चाहती हैं

(स) जादुई संगीत के साथ गुगुनाने के लिए (द) बच्चों को बुलाने के लिए ।

प्रश्न-3- नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर विस्तार पूर्वक लिखिए -

(क) बालगोबिन भगत के कार्यों एवं गुणों का वर्णन कीजिए ?